पत्र सूचना शाखा,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

राज्यपाल की अध्यक्षता में इलाहाबाद संग्रहालय की बैठक सम्पन्न

लखनऊ : 28 अक्टूबर, 2020

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज राजभवन में इलाहाबाद संग्रहालय, प्रयागराज की कार्यकारिणी समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राज्यपाल ने इलाहाबाद संग्रहालय की आर्ट गैलरी का ऑनलाइन उद्घाटन किया और संग्रहालय द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'प्रयागराज दैट वाज इलाहाबाद' का विमोचन राजभवन में किया। राज्यपाल ने वार्षिक रिपोर्ट–2018–19 और 2019–2020 को भी स्वीकृति प्रदान की।

बैठक को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि संग्रहालय में निर्माणाधीन 'आजाद वीथिका' के शेष कार्यों को शीघ्र पूरा करें और वे तीन महीने बाद स्वयं इसका निरीक्षण करने आयेंगी। उन्होंने संग्रहालय के संचालन हेतु कार्यालय मैनुअल 6 माह के अन्दर बनाने के निर्देश दिये। राज्यपाल ने केन्द्र सरकार के जीवन पोर्टल पर सभी कर्मचारियों का विवरण अपलोड करने के निर्देश दिये, जिससे पेन्शनरों को वार्षिक जीवन प्रमाण पत्र जमा करने में कोई कठिनाई न हो।

राज्यपाल ने इलाहाबाद संग्रहालय एवं भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के मध्य प्रस्तावित समझौता–पत्र 2020–21 (एम0ओ0यू0) पर विस्तृत रिपोर्ट भारत सरकार को भेजने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि संग्रहालय में रखी सभी बहुमूल्य किताबों को डिजिटाइज करें और उसे वेबसाइट पर अपलोड करें ताकि सभी लोग आसानी से पढ़ सकें।

बैठक में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री महेश कुमार गुप्ता, इलाहाबाद संग्रहालय के निदेशक श्री सुनील गुप्ता तथा लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राचीन इतिहास एवं पुरातत्व विभाग के अध्यक्ष प्रो0 एस0के0 जायसवाल उपस्थित थे। इसके अलावा केन्द्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय की संयुक्त सचिव श्रीमती निरूपमा कोतरू, डॉ0 बी0वी0 खरबड़े सहित अन्य सदस्य श्री उमेश चटोपाध्याय, श्री हरीश कुमार, श्री ए0के0 सिंह, श्रीमती विभा त्रिपाठी आदि ऑनलाइन जुड़े हुए थे।

———————

ओ0पी0राय/राजभवन (55/18)

Prayagraj
Prayagraj
Prayagraj
माननीय राज्यपाल